दिनांक : 02.08.2025 समय : 07.10AM

# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सीहोर में 4 औद्योगिक इकाइयों का करेंगे भूमि-पूजन।
- उज्जैन में आकाशवाणी के लिए स्टूडियो सेटअप की केंद्र सरकार ने दी मंजूरी।
- प्रदेश में आज भी मौसम साफ रहने की संभावना। कल से फिर बारिश के आसार।

प्रधानमंत्री किसान किस्त

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी जायेंगे और करीब दो हजार दौ सौ करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम को प्रदेश में “पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बैतूल, इंदौर समेत प्रदेश के जिलों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सुनाया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना इंदौर जिले के 75 हजार से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।

सीहोर भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1406 करोड़ रूपये निवेश करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी वितरित करेंगे। जिससे यहां लगभग 33 करोड़

85 लाख रूपये का निवेश होगा। इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में 1165 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

तुलसी जयंती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस देश का पुरातन महाकाव्य है। आज हम सब जिन समृद्ध सांस्कृतिक और साहित्यिक परम्पराओं में पोषित और पल्लवित हो रहे हैं, उसकी नीव सदियों पहले गोस्वामी तुलसीदास ने रख दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल भोपाल के मानव भवन में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तत्वाधान में आयोजित तुलसी जयंती एवं अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु गोविंद देव गिरि महाराज को पंडित रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत किया। अलंकरण के रूप में गुरु गोविंद देव गिरि महाराज को अंगवस्त्र, सम्मान पट्टिका एवं दो लाख रुपए सम्मान राशि दी गई। गोविंद देव महाराज प्रख्यात चिंतक हैं और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि न्यास के न्यासी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में श्री राम संग्रहालय बनाने के लिए तुलसी मानस प्रतिष्ठान को 5 करोड रुपए देने की घोषणा की।

पुलिस के जनजागरूकता अभियान

मध्यप्रदेश पुलिस के नशे के विरूद्ध 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक चलाए गए “नशे से दूरी-है जरूरी” राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान ने अपनी व्यापकता, प्रभावशीलता तथा वृहद स्तर पर जनसहभागिता के चलते वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है। प्रदेश के 57 जिलों के 1175 थानों द्वारा संचालित इस अभियान में लगभग 23 लाख लोगों ने प्रत्यक्ष सहभागिता तथा सोशल मीडिया माध्यमों से 6.35 करोड़ लोगों ने सहभागिता की। पुलिस मुख्यालय में कल वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस के सीईओ तथा प्रेसीडेंट संतोष शुक्ला ने पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और एडीजी नारकोटिक्स के.पी. व्यंकटेश्वर राव से भेंट कर सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस दौरान वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस संस्था की जनरल सेक्रेटरी डॉ. तिथि भल्ला तथा एडिटर सुश्री अपूर्वा मेनन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पॉक्सो कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा “लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट)” पर एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के

रूप में शामिल होंगे। प्रतिभागियों के उन्मुखीकरण और प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला 7 अगस्त को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिन्टो हॉल), भोपाल में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगी।

राज्यपाल स्काउट

राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में स्काउट गाइड विश्व स्कार्फ दिवस राजभवन में कल मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री पटेल को स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त पारस जैन और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। हर साल एक अगस्त को स्काउट गाइड विश्व स्कार्फ दिवस मनाया जाता है। राज्यपाल, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य संरक्षक होते हैं।

उज्जैन में आकाशवाणी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केन्द्रीय सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कल भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में भेंट कर उज्जैन में आकाशवाणी स्टूडियो सेटअप स्थापित करने का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस स्वीकृति के लिए भारत सरकार का आभार मानते हुए कहा कि मालवा क्षेत्र की समृद्ध कला और सांस्कृतिक परम्पराएं हैं। आज के सूचना युग में अन्य जन माध्यमों के साथ प्रसारण माध्यमों का विशेष महत्व है। आकाशवाणी की अपनी प्रामाणिकता है। इस नाते मालवा अंचल में इंदौर के साथ ही उज्जैन एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां आकाशवाणी के स्टूडियो सेटअप की आवश्यकता थी।

स्तनपान सप्ताह

प्रदेश में विष्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा हैं। इसकी शुरूआत कल से अलग-अलग कार्यक्रमों के साथ की गई। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम “इनवेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इनवेस्ट इन द फ्यूचर” है। इस अवसर पर प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इंदौर जिले में कल सिविल अस्पताल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्तनपान के महत्व को प्रभावी ढंग से समझाने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। नर्मदापुरम जिला चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। 7 अगस्त तक चलने वाले विश्व स्तनपान दिवस को महत्वपूर्ण बताते हुए आरएमओ ने प्रसूता माताओं को समझाइश दी कि वे शिशु को स्तनपान अवश्य करावें।

मौसम

प्रदेश में पिछले दो दिन से मौसम साफ है। आज भोपाल और आसपास के जिलों में मौसम साफ है। मौसम विभाग के अनुसार, कल प्रदेश में एक बार फिर से भारी बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, अभी साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ प्रदेश के ऊपर है। 24 घंटे बाद सिस्टम का असर प्रदेश के उत्तरी हिस्से में देखने को मिल सकता है। ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार से प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमा है। हालांकि ग्वालियर, गुना, श्योपुर, दमोह, मंडला और उमरिया में हल्की बारिश हुई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके आज से दो दिवसीय दौरे पर बैतूल जिले में रहेंगे। वे बैतूल बाजार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- मण्डला के प्रकाश वंशकार ने दिव्यांग श्रेणी की विश्व शतरंज प्रतियोगिता में टॉप 10 में अपना स्थान सुरक्षित किया। उन्होंने स्पर्धा में ओवर आल 10वां स्थान प्राप्त किया।
- आगरमालवा में आज जैविक हाट कृषि विज्ञान केन्द्र में लगाया जाएगा। खेती करने वाले कृषक एवं किसान दीदी द्वारा उत्पादित सब्जियां, दालें, आटा, कच्चीघानी तेल, घी, मसालें, औषधियां आदि सामग्री विक्रय हेतु उचित दर पर उपलब्ध रहेगी।
- धार में कल पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान हिंडोला महल- धार टेलेंट पब्लिक स्कूल ने जबकि द्वितीय स्थान अशर्फी महल टीम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय धार व तीसरा स्थान जहाज महल सर्वोदय एकेडमी साला खलघाट की टीम ने प्राप्त किया।
- खंडवा में आज से 4 अगस्त तक “खंडवा का गौरव दिवस” मनाया जाएगा। इस 3 दिवसीय आयोजन के तहत आज सुबह 8 बजे से नगर निगम से केवलराम चौराहे तक “खंडवा रन” दौड़ होगी।
- पन्ना में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में कल शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पन्ना में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर लगाया गया।

-------